आयोजन — संस्कारधानी में उमड़ा आस्था का सैलाब, 30 हजार श्रद्धालु बने साक्षी

# 122 पालकियों और तीन रजत रथों में विराजे त्रिलोकीनाथ





**नवभारत, जबलपुर।** संस्कारधानी जबलपुर ने रविवार को धर्म, भक्ति और गुरुभक्ति का ऐसा विराट दृश्य देखा, जो शहर के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में दर्ज हो गया। टेलीग्राफ ग्राउंड स्थित विशाल पांडाल में सूर्योदय के साथ ही धार्मिक गतिविधियों का शुभारंभ हुआ। प्रातः 6 बजे मंगलाष्टक के साथ भगवान जिनेन्द्र देव का अभिषेक एवं शांतिमंत्रों के साथ शांतीधारा प्रारंभ हुई। जीवदया के लिए समर्पित इस शांतीधारा में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

### तीन ऐरावत हाथी रहे विशेष आकर्षण का केंद्र

विधान समापन के पश्चात हवन हुआ और शुद्ध वस्त्रधारी श्रद्धालुओं ने तीन चांदी के रथों एवं 122 पालकियों में भगवान जिनेन्द्र देव को कंधों पर विराजमान कर भव्य चल समारोह प्रारंभ किया। शोभायात्रा में तीन ऐरावत हाथी भी विशेष आकर्षण रहे। मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज एवं मुनि श्री संधानसागर महाराज संघ सहित जुलूस के साथ चल रहे थे।

### पांच किलोमीटर लंबा जुलूस, गूंजे जयकारे

गढ़ाफाटक, बड़ा फुहारा, लार्डगंज थाना, सुपर मार्केट, गोलबाजार, श्याम टॉकीज होते हुए डी.एन. जैन कॉलेज मार्ग से रानीताल तक निकली इस लगभग पांच किलोमीटर लंबी शोभायात्रा में 25 से 30 हजार श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। मार्ग में जगह-जगह मंगल आरती उतारी गई। श्रद्धालुओं ने आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज एवं मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज के जयघोष से वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

### विधानाचार्यों ने कराईं मांगलिक क्रियाएं


विधानाचार्य अभय आदित्य एवं बाल ब्रह्मचारी अशोक ने सभी मांगलिक क्रियाएं संपन्न कराईं। मुनि श्री ने नगर निगम, प्रशासनिक अधिकारियों, युवा कार्यकर्ताओं, राष्ट्रीय युवा महासंघ, दिगंबर जैन पंचायत महासभा, धर्मप्रभावना समिति, भोजन व्यवस्था से जुड़े कार्यकर्ताओं एवं सभी पुण्यार्जक परिवारों को आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन अमित पड़रिया ने किया।

### यह आराधना नहीं, महाआराधना बन गई- मुनिश्री

टेलीग्राफ ग्राउंड पहुंचकर सभी प्रतिमाओं का अभिषेक किया गया। इस अवसर पर मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज ने कहा कि संस्कारधानी वासियों ने गुरुभक्ति का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया है। श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान को उन्होंने देश की पहली और अद्वितीय महाआराधना बताया और 122 महामंडल की संरचना को जबलपुर के युवाओं की ऐतिहासिक उपलब्धि कहा।नए मार्ग का नामकरण, जनप्रतिनिधियों ने किया स्वागत डी.एन. जैन कॉलेज मार्ग पर पहुंचने पर विधायक अभिलाष पांडे एवं भाजपा जिलाध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने मुनिसंघ का स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि इस मार्ग का नाम 'संत प्रमाणसागर महाराज मार्ग' घोषित किया जा चुका है। विधायक अभिलाष पांडे ने इसे जबलपुर के इतिहास का अभूतपूर्व आयोजन बताया।

### स्मारिका का विमोचन, पत्रकारों का सम्मान

सायंकाल शंकासमाधान कार्यक्रम में प्रवक्ता अविनाश जैन 'विद्यावाणी' एवं स्थानीय प्रचार मंत्री सुवोध जैन 'कामरेड' ने पत्रकार बंधुओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुनि श्री के ऐतिहासिक प्रवास से संबंधित समाचार कटिंग्स से सुसज्जित स्मारिका का विमोचन रायसेठ चंद्रकुमार, अरविंद राजा, शैलेष आदिनाथ, अशोक फुग्गा, मनोज चावल, रवि कक्का सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा किया गया।



# श्रीश्याम देवाचार्य ने संस्कारधानी को धर्मधानी बनाया

**जगतगुरु के जन्मोत्सव पर सहस्त्रार्चन, महाभिषेक व संत-समागम**

**नवभारत, जबलपुर।** साकेतवासी अनंत श्री विभूषित श्रीमद् जगद्गुरु नृसिंह पीठाधीश्वर पूज्य डॉ. स्वामी श्रीश्याम देवाचार्य महाराज के पावन जन्मोत्सव के अवसर पर श्री नृसिंह मंदिर गीता धाम, शास्त्री ब्रिज में श्रद्धा व भक्ति से ओतप्रोत सहस्त्रार्चन महाभिषेक एवं धार्मिक अनुष्ठानों का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जगतगुरु श्रीश्याम देवाचार्य महाराज के श्रीविग्रह व पादुका पूजन के माध्यम से दिव्य चेतना और अलौकिक ऊर्जा का अनुभव भक्तों ने किया। महाराज के सान्निध्य में संस्कारधानी जबलपुर को सनातन संस्कृति के केंद्र के रूप में पहचान मिली और नरसिंह मंदिर गीता धाम एवं श्री नर्मदा गौ कुंभ के माध्यम से जबलपुर को धर्मधानी के रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त हुई। जन्मोत्सव समारोह में पूज्य डॉ. स्वामी नरसिंहदेवाचार्य महाराज, स्वामी डॉ. मुकुंद दास महाराज, महंत रामजी शरण महाराज सहित अनेक संतों के सानिध्य में गुरु चरण पादुका पूजन, पुष्पांजलि, भावांजलि, संतों के आशीर्वचन, महाआरती एवं प्रसाद भंडारे का आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन श्री सनातन धर्म महासभा एवं नृसिंह मंदिर गीता धाम परिवार द्वारा किया गया।

### ये रहे उपस्थित

सहस्त्रार्चन एवं महाभिषेक में मंत्री राकेश सिंह, विधायक नीरज सिंह, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू सहित डॉ. दीपक बहरानी, डॉ. पवन स्थापक, अशोक मनोध्याय, गुलशन मखीजा, लकी भाटिया, रमेश शर्मा, डॉ. रमेश बसेडिया, राममूर्ति मिश्रा, प्रवेश खेड़ा, शरद काबरा, विष्णु पटेल, गीता पांडे, नीता चावला, पार्षद प्रतिभा भापकर, पार्षद मोनिका पुष्पेन्द्र सिंह, कृष्णा संजय यादव, मनोज नारंग, इंदु प्यासी, डॉ. संदीप मिश्रा, राजेंद्र प्यासी, जगदीश साहू, लोकराम कोरी, संजय पटेल, सुभाष सिंह, राधवेंद्र शुक्ल, डॉ. मुकेश पाण्डेय, विजय सरागवी, आभा दीपक साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## एक नजर में



### 13 से 15 तक दिगंबर जैन चैत्यालय में वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव

**नवभारत, जबलपुर।** सकल तारण तरण दिगंबर जैन चैत्यालय ट्रस्ट कमेटी द्वारा शुक्रवारी बजरिया, हनुमान ताल स्थित नव निर्मित श्री तारण तरण दिगंबर जैन चैत्यालय में तीन दिवसीय रत्नत्रय वेदी प्रतिष्ठा, जिनवाणी अस्थाप, कलशारोहण एवं वेदी सूतन तिलक महा-महोत्सव का आयोजन 13 से 15 फरवरी तक किया जा रहा है। वेदी सूतन करने का सौभाग्य सकल धर्म प्रेमी रामडिनमूरी परिवार को प्राप्त हुआ है। महोत्सव के मीडिया प्रभारी दीपक राज जैन ने बताया कि यह मंगल आयोजन सकल तारण तरण दिगंबर जैन समाज के त्यागी-व्रती साधकगण, श्रेष्ठिगण, श्रावक-श्राविकाओं की उपस्थिति में संपन्न होगा। समस्त आयोजन समवशरण पंडाल, फूटाताल स्कूल मैदान में होंगे। शुद्धि हेतु 12 फरवरी, गुरुवार को घटयात्रा निकाली जाएगी। जिनधर्म प्रभावक नितिन जैन के अनुसार 13 फरवरी को प्रभात फेरी, सामयिक, मंत्र जप, ध्वजारोहण एवं जिनवाणी अस्थाप समारोह होगा। रात्रि में महिला मंडल एवं बालिका मंडल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। 14 फरवरी को प्रभात फेरी, मंत्र जप, मंदिर विधि, दान प्रभावना, जिनवाणी पालकी यात्रा एवं कलशारोहण संपन्न होगा तथा रात्रि में उस्मानपुर (दिल्ली) से पधारे भजन गायक संजीव जैन की भजन संध्या होगी। 15 फरवरी को प्रभात फेरी, सामयिक पाठ, मंत्र जप, मंदिर विधि के साथ वेदी सूतन तिलक महोत्सव आयोजित किया जाएगा।



### पारसी नाटक 'सीता बनवास' के पोस्टर का विमोचन

**नवभारत, जबलपुर।** रंगाभरण थिएटर, जबलपुर द्वारा आयोजित राष्ट्रीय नाट्य कार्यशाला के अंतर्गत तैयार हो रहे पारसी नाटक 'सीता बनवास' के पोस्टर का विमोचन समारोह संपन्न हुआ। यह नाटक पारसी रंगमंच के प्रख्यात नाटककार आग़ा हश्र कश्मीरी द्वारा लिखित है। पोस्टर का विमोचन मुख्य अतिथि रुचि विश्वमोहन मालपाणी, विशिष्ट अतिथि डॉ. सुधांशु गुप्ता, अभिनव जैन एवं पंकज स्वामी (गुलूष) द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। अतिथियों ने पारसी रंगमंच की समृद्ध परंपरा और रंगाभरण थिएटर के सांस्कृतिक प्रयासों की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि 'सीता बनवास' स्त्री-संवेदना, भारतीय सांस्कृतिक चेतना और मानवीय मूल्यों को प्रभावी रूप में प्रस्तुत करने वाला नाटक है। नाटक का निर्देशन अक्षय सिंह ठाकुर कर रहे हैं। संगीत निर्देशन ज़फ़र संजरी द्वारा किया जा रहा है, जिन्हें इस प्रस्तुति हेतु मुंबई से आमंत्रित किया गया है। नाटक का मंचन 15 मार्च 2026, सायं 7 बजे, तरंग प्रेक्षागृह, रामपुर, जबलपुर में होगा। आयोजन रंगाभरण थिएटर एवं केंद्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद, एम.पी. पावर मैनेजमेंट के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न होगा। कार्यक्रम के अंत में रंगाभरण थिएटर परिवार द्वारा सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनसमूह के प्रति आभार व्यक्त किया गया।



### राजेश मिश्रा स्मार्ट सिटी ऑटो चालक संघ के संरक्षक


**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर स्मार्ट सिटी आटो चालक संघ के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों की बैठक गत दिवस हुई जिसमें सर्वसम्मति से संघ के संरक्षक राजेश मिश्रा नगर उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी को बनाने का निर्णय लिया गया। श्री मिश्रा को बधाईयां दी गई है।

# संगठन विस्तार व अधिकारों की बहाली पर हुआ मंथन

**स्वतंत्रता सेनानी वंशजों की बैठक में सदस्यता अभियान का शुभारंभ**



**नवभारत, जबलपुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के वंशजों एवं उत्तराधिकारियों की एक आवश्यक बैठक रविवार को गाँधी भवन टाउन हॉल परिसर, जबलपुर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ उत्तराधिकारी सदस्य एडवोकेट प्रकाश गोलछा ने की। प्रारंभ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अजय नारायण सीतलानी के निर्देशन में जबलपुर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संगठन विस्तार एवं नवीन सदस्यता अभियान प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया। शीघ्र ही जिला ग्रामीण अध्यक्ष एवं शहरी नगर अध्यक्ष की कार्यकारिणी की सूची भोपाल प्रदेश मुख्यालय से जारी की जाएगी, जिसमें सेनानी परिवार के उत्तराधिकारियों को महत्वपूर्ण पदों पर मनोनीत किया जाएगा। सदस्यता अभियान के अंतर्गत बड़ी संख्या में उपस्थित वंशजों ने अपने आधार कार्ड की छायाप्रति एवं दो-दो पासपोर्ट साइज फोटो प्रभारी केशव प्रसाद चौरसिया को जमा कराई। बैठक में मनोज नामदेव, राजेन्द्र रज्जू, ओम प्रकाश जायसवाल, ओम शर्मा, गुरु प्रसाद नीखरा, सुश्री प्रीति चौधरी, मदन मोहन राय, निर्मल चंद जैन, अनिल उसरेठे, श्रीमती आशा मालवीय, अलकेश गुप्ता, अशोक यादव, श्याम सोलंकी, एडवोकेट एस.के. चोहटेल, विजय कुमार कुररिया, नारायण शर्मा, पवन सोनी, शिव मंगल यादव, आशीष व्यास, सौरभ राजनेकर, योगेन्द्र मालवीय, श्रीमती किरण गठोरिया, नेहा वर्मन, अशोक बर्मन, अंशित सोनी सहित अनेक उत्तराधिकारी वंशज उपस्थित रहे। बैठक का संचालन सुश्री प्रीति चौधरी ने किया एवं समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।



# रोटरी और हिन्दी का काव्यात्मक संगम

**रोटरी से जुड़ी काव्य रचनाओं के संकलन का विमोचन**

**नवभारत, जबलपुर।** रोटरी क्लब जबलपुर साउथ के संस्थापक सदस्य अरुण कान्त अग्रवाल की वर्ष 2015-16 से 2025-26 तक रोटरी से सम्बद्ध काव्यात्मक रचनाओं के संकलन का विमोचन गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। पूर्व प्रांतपाल रोटे. अखिल मिश्र ने इस अवसर पर उनकी सतत साहित्यिक साधना की सराहना करते हुए कहा कि प्रत्येक रोटरी सत्र के विविध अनुभवों को काव्य के माध्यम से अभिव्यक्त करना अद्वितीय एवं प्रेरणास्पद है। उन्होंने हिन्दी भाषा के प्रति उनकी अभिरुचि तथा रोटरी में हिन्दी के प्रचार-प्रसार हेतु किए जा रहे प्रयासों को भी उल्लेखनीय बताया। पूर्वाध्यक्ष डॉ. संजीव चौधरी ने कहा कि क्लब की स्थापना से लेकर उसकी निरंतर प्रगति तक अरुण कान्त अग्रवाल का योगदान अविस्मरणीय रहा है तथा प्रत्येक सत्र के अध्यक्ष को उनका पूर्ण सहयोग प्राप्त होता है। कार्यक्रम में अखिल खण्डेलवाल, अमरेन्द्र नारायण, राकेश गिदरौनिया, ओ.पी. उपाध्याय एवं पीयूष कान्त अग्रवाल उपस्थित रहे।



# दुकानों के सामने नहीं लगाई जाए फैंसिंग

**महापौर से दुकानदारों ने की मांग**

**नवभारत, जबलपुर।** दमोहनाका क्षेत्र में स्थित दुकानदारों ने उनकी दुकान के सामने लगाई जाने वाली फैंसिंग का विरोध किया है। इसको लेकर दुकानदारों ने महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू को ज्ञापन सौंपा है और मांग की है कि उनकी दुकानों के सामने लगाई जाने वाली फैंसिंग को रोका जाए। दुकानदारों की माने तो फैंसिंग लग जाएगी तो ग्राहक उनकी दुकानों तक नहीं पहुंच पाएंगे और उन्हें अपना परिवार पालने में परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

# मुख कैंसर सर्जरी में रचा गया चिकित्सा इतिहास

**राष्ट्रीय मैक्सिलोफेशियल कार्यशाला में अमेरिका के विशेषज्ञों ने की जटिल सर्जरी**



**नवभारत, जबलपुर।** इंडियन एकेडमी ऑफ मैक्सिलोफेशियल सर्जरी के तत्वावधान में हितकारिणी डेंटल कॉलेज एवं जबलपुर हॉस्पिटल द्वारा आयोजित 28वीं राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन रविवार को सफल सर्जिकल वर्कशॉप के साथ हुआ। वर्कशॉप के दौरान कुल तीन जटिल ऑपरेशन संपन्न किए गए। वर्कशॉप संयोजक डॉ. राजेश धीरावाणी ने बताया कि अमेरिका से पधारे विशेषज्ञ डॉ. घाली एवं डॉ. रॉस ब्रॉकमेन ने मुख कैंसर से पीड़ित 53 वर्षीय कटंगी (जबलपुर) निवासी मरीज का अत्यंत जटिल ऑपरेशन किया। मरीज का मुंह पूरी तरह बंद हो चुका था। सर्जरी में हाथ की कलाई से मांस लेकर (रेडियल फोरआर्म फ्लैप) गाल एवं होंठों का पुनर्निर्माण कर मुंह को पूर्ण रूप से खोला गया। माइक्रोवेस्कुलर सर्जरी में डॉ. अंकित शर्मा, डॉ. सुमित असरानी तथा निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. प्रतिभा जैन का विशेष सहयोग रहा। आयोजन अध्यक्ष डॉ. गुंजन दुबे एवं सचिव डॉ. संयोग पाठक ने बताया कि अन्य दो मरीजों में पेरोटिड ट्यूमर एवं सबम्यूकस फाइब्रोसिस के ऑपरेशन डॉ. राजेश धीरावाणी, डॉ. श्रीवास्तव एवं डॉ. अजय कुमार द्वारा किए गए। हितकारिणी सभा के बाबू विश्व मोहन एवं जबलपुर हॉस्पिटल के डायरेक्टर प्रकाश धीरावाणी ने जानकारी दी कि शेष ऑपरेशन सोमवार से लगातार जबलपुर हॉस्पिटल के ऑपरेशन थियेटर में किए जाएंगे। इस अवसर पर प्रोफेसर जे.एन. खन्ना द्वारा लिखित एवं केम्ब्रिज प्रेस, लंदन से प्रकाशित पुस्तक टेम्पोरोमैंडिबुलर जॉइंट के रोग: निदान एवं उपचार का विमोचन किया गया। यह इस विषय पर विश्व की प्रथम पुस्तक है, जिसके कुछ अध्यायों का लेखन जबलपुर के मैक्सिलोफेशियल सर्जन एवं हितकारिणी डेंटल कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. राजेश धीरावाणी द्वारा किया गया है। कार्यक्रम में दिल्ली से पधारे दंत चिकित्सा आयोग के अध्यक्ष ले. जनरल डॉ. एस. के. साहू ने पैनफेशियल ट्रॉमा पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया तथा आयोजन की सफलता पर आयोजकों को बधाई दी।

शिविर — जोगिनी प्रशिक्षण केंद्र में वृहद रक्तदान शिविर आयोजित

# वक्त का हर क्षण और रक्त का हर कण अमूल्य



**नवभारत, जबलपुर।** रक्तदान को जन-आंदोलन बनाने और समाज को इसके प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से रविवार को बिलहरी स्थित जोगिनी प्रशिक्षण केंद्र में वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सेंट नॉर्बर्ट एबे ऑफ़ बर्न सोसायटी के तत्वावधान में आयोजित हुआ, जिसमें संस्था के रक्तवीर फादर जय प्रकाश का विशेष योगदान रहा। शिविर में कुल 26 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्त संग्रहण में जबलपुर ब्लड डोनेशन सोसायटी एवं जबलपुर ब्लड सेंटर का सराहनीय सहयोग रहा।

इस अवसर पर जबलपुर ब्लड डोनेशन सोसायटी के रक्तवीर रवि सेन, सावन सेन, अधिवक्ता चंचल सेन, आनंद सोनी, मुनेश्वर, अभिलाष रवि एवं ललित ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम में अनिता पटेल, उमेश पटले एवं उज्ज्वल चौबे की गरिमामयी उपस्थिति रही। आयोजकों ने रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए समाज से निरंतर रक्तदान के लिए आगे आने की अपील की।

# पुलिस जैसा काम, मानदेय पर सेवा

**कर्मचारी संगठनों ने की होमगार्ड जवानों को पेंशन देने की मांग**

**नवभारत, जबलपुर।** होमगार्ड कर्मचारियों से पुलिस विभाग के नियमित कर्मचारियों के समान कार्य लिया जा रहा है, लेकिन उन्हें वेतन के स्थान पर केवल मानदेय दिया जा रहा है। न वेतनमान, न महंगाई भत्ता, न भविष्य निधि, न पेंशन और न ही अवकाश नगदीकरण—ऐसे में होमगार्ड जवानों की स्थिति मजदूरों से भी बदतर बताई जा रही है। मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश प्रवक्ता अनिल भार्गव वायु ने बताया कि 25 से 30 वर्षों तक सेवा देने के बाद भी होमगार्ड कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर उपादान, पेंशन फंड, पेंशन एवं अनुकम्पा नियुक्ति जैसे बुनियादी अधिकार नहीं मिलते। उन्होंने कहा कि समान कार्य का समान वेतन न देना न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि मजदूरों को जहां कलेक्टर रेट से मजदूरी, साप्ताहिक अवकाश और बीमा सुविधा मिलती है, वहीं होमगार्ड जवान इन सभी लाभों से वंचित हैं।

संघ ने यह मुद्दा भी उठाया कि हाल ही में इंदौर में स्थापना दिवस समारोह के दौरान एक वरिष्ठ मंत्री द्वारा होमगार्ड जवानों को 62 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्ति का आश्वासन दिया गया था, लेकिन आदेश जारी न होने के कारण अभी भी उन्हें 60 वर्ष में ही सेवानिवृत्त किया जा रहा है। मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ, जबलपुर के जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय, जिला सचिव देवेंद्र पचौरी, कोषाध्यक्ष आलोक अग्निहोत्री सहित बीरेंद्र चंदेल, रामशंकर शुक्ला, योगेश देशमुख, कुलदीप सिंह, सुनील पचौरी, दिलीप यादव, राजा राम डेहरिया, पंकज शर्मा और अर्जुन सोमवंशी ने मांग की है कि होमगार्ड सैनिकों को पुलिस विभाग के नियमित कर्मचारियों के समान वेतनमान, सेवानिवृत्ति आयु 62 वर्ष तथा सेवा निवृत्ति के पश्चात पेंशन का लाभ दिया जाए।